3. **समिति द्वारा यह पाया गया कि भूमि का आंशिक भाग मास्टर प्लान के फुटकर व्यापार एवं सामान्य वाणिज्यिक/होटल हेतु आरक्षित भू–उपयोग के अन्तर्गत आता है व आवेदक द्वारा रिसोर्ट प्रयोजन चाहा गया है। चूंकि वाणिज्यिक उपयोग में ही उच्च घनत्व वाले भू–उपयोग में मध्यम घनत्व चाहा गया है। अतः अनुमत किये जाने से कोई तकनीकी आपत्ति नही है।**
4. **आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्माण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।**
5. **आयोजना शाखा द्वारा नियोजन को दृष्टिगत रखते हुए दिये गये सुझावों एवं टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा स्थल मानचित्र जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।**

प्रतिलिपी प्रमाणित

6. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।
7. आवेदित स्थल मानचित्र पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अविप्रा से निर्माण स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।
8. नगरीय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प.3(77)नविवि/3/2010 पार्ट iv दिनांक 12.04.2018 के बिन्दु संख्या (I) अनुसार रिसोर्ट प्रयोजनार्थ एकल पट्टा प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा भूमि के स्थान पर कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान हैं। उक्त के अनुसार शुल्क की गणना की जावें।
9. उक्त प्रस्तावित भूमि से संबंधित अन्य राजस्व, प्रशासनिक, वाद, अवाप्ति एवं मालिकाना हक की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं की होगी। प्रार्थी से इस बाबत शपथ पत्र लिया जावे की प्रश्नगत भूमि पर कोई विवाद नही है तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नही है इस बाबत जोन स्तर से शपथ पत्र लेकर ही पट्टा जारी किया जावें।
10. प्रश्नगत भूमि का क्षेत्रफल 4000 व.मी. से अधिक है अतः राज्य सरकार से सक्षम स्वीकृति प्राप्त की जावें।

प्रस्ताव संख्या : 08

1.	**आवेदक का नाम**	**श्री जगदीश सिंह राठौड़ पुत्र श्री नारायण सिंह**
2.	राजस्व ग्राम	बांसेली (जोन पुष्कर)
3.	खसरा संख्या	1897/721, 1899/722, 1901/723
4.	90–क के अधीन अनुज्ञा	प्रश्नगत भूमि के कुल क्षेत्रफल 11200.00 व.मी. (1.12 हैक्टेयर) हेतु 90–क आदेश क्रमांक 100950 दिनांक 27.10.2023 प्राधिकृत अधिकारी अविप्रा द्वारा जारी है।
5.	90–क के अधीन स्वीकृत भू–उपयोग	आवासीय प्रयोजनार्थ
6.	मास्टर/जोनल प्लान के अनुसार टिप्पणी	मास्टर प्लान 2011–31 पुष्कर अनुसार आवेदित भूमि परिधि नियंत्रण पट्टी में स्थित है। पहुंच मार्ग का मार्गाधिकार मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं हैं। मास्टर प्लान के प्रावधानानुसार परिधि नियंत्रण पट्टी में राजस्व ग्राम के आबादी क्षेत्र से 500 मीटर दूरी तक आवासीय उपयोग अनुज्ञेय है तथा प्रकरण में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूमि ग्राम आबादी से 300 मीटर की दूरी पर स्थित है।
7.	आवेदित भूमि को पहुँचमार्ग	आवेदित भूमि को राजस्व मार्ग से पहुंचमार्ग उपलब्ध होता है जिसकी मौके पर चौडाई लगभग 40 फीट उपलब्ध है।
8.	क्षेत्रफल	प्रकरण में 90–क आदेश 11200.00 व.मी. के जारी किये गये है व योजना मानचित्र भी उक्त क्षेत्रफल का ही प्रस्तुत किया गया है।
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	भू–अभिलेख शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि आवेदक की खातेदारी भूमि है जो कि 90–क की कार्यवाही पश्चात प्राधिकरण के नाम दर्ज हैं।
10.	मौका रिपोर्ट	आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है एवं 40 फीट चौडी सडक से पहुंचमार्ग उपलब्ध होता है।
11.	विधि शाखा की रिपोर्ट	प्रस्तुत प्रकरण में कोई वाद–विवाद लम्बित नहीं हैं।
12.	भू–अवाप्ति शाखा	आवेदित खसरे प्राधिकरण की किसी योजना में अवाप्त/अवाप्ताधीन

प्रतिलिपी प्रमाणित

	की रिपोर्ट	नहीं हैं।	
प्रस्तावित योजना मानचित्र का विशलेषण			
विवरण		**टाउनशिप पॉलिसी–2010 के अनुसार**	**प्रस्तावित योजना मानचित्र अनुसार**
1. योजना का क्षेत्रफल		2 हैक्टेयर से कम	**कुल क्षेत्रफल = 11200.00 व.मी.**
2. क्षेत्रफल का वर्गीकरण		2 हैक्टेयर से कम 70%–आवासीय/व्यवसायिक 30%– खुला/ पार्क/ फैसिलिटि/सड़क आदि।	विक्रय योग्य कुल क्षेत्रफल 7362.60 व.मी. (65.74%) एवं पार्क/सड़क/ सुविधा क्षेत्र हेतु योजना में प्रस्तावित क्षेत्रफल 3837.40 व.मी. (34.26%) उक्त का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :– आवासीय–6914.60 व.मी.(61.74%) व्यवसायिक–448.00 व.मी.(4.00%) सड़क–3846.40 व.मी. (34.34%)
3. भूखण्डो का विवरण		आवासीय/व्यवसायिक/अन्य	आवासीय–58 व्यवसायिक–01
अन्य विचारनीय बिन्दु		1. आवेदित भूमि के पंहुचमार्ग की चौड़ाई मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं है। पंहुचमार्ग का मार्गाधिकार विभागीय अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार न्यूनतम 18 मीटर निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। 2. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी। 3. योजना के भूखण्डों पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 4. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.3(77)UDH/3/2010 Part Jaipur Dated 10.08.2020 के प्रावधान 7.02/5.10 के अनुसार 1 हैक्टेयर से 5 हैक्टेयर तक की योजनाओं में कम से कम 2 टेलीकॉम टॉवर हेतु जगह आरक्षित की जानी होगी। बेशर्ते आरक्षित जगह 10 व.मी. प्रति टॉवर से कम ना हो। जिसका प्रावधान योजना मानचित्र में किया जाना अनिवार्य होगा। 5. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.18(36)UDH/NHAP/2014 Part Jaipur Dated 03.04.2017के प्रावधान 1.2(3)अ के अनुसार निजी विकासकर्ता की प्लॉटेड आवासीय योजनाओ में विक्रय योग्य क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि EWS एवं LIG भूखण्डो हेतु आरक्षित रखे जाने है। योजना क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम होने व EWS एवं LIG के भूखण्ड सृजित नहीं किये जाने की एवज में 10 प्रतिशत विक्रय योग्य क्षेत्रफल पर, उक्त क्षेत्र की आरक्षित दर एवं जहा आरक्षित दर निर्धारित ना हो वहां आवासीय डी.एल.सी. दरो अथवा	

प्रतिलिपी प्रमाणित

	कृषि भूमि की डी.एल.सी. दरो जो भी अधिक हो से शुल्क लिया जाना उचित होगा। 6. चूंकि आवेदन राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी के प्रावधान 4.02 (i) के अंतर्गत किया गया हैं, अतः नियमानुसार कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल 2704.56 व.मी. पर उपविभाजन शुल्क लिया जाना उचित होगा।

निर्णय :–समिति द्वारा प्रकरण में विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवासीय उपविभाजन मानचित्र निम्नांकित शर्तो के साथ अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया:–

1. **समिति द्वारा नोट किया गया कि आवेदित भूमि पुष्कर मास्टर प्लान–2031 के परिधि नियंत्रण क्षेत्र में स्थित राजस्व ग्राम बांसेली के 500 मीटर कि परिधि के अन्तर्गत स्थित है। अतः विभागीय आदेश दिनांक 24.06.2019 के अनुसार आवासीय प्रयोजन के तहत् अनुज्ञेय किये जाने में तकनीकी एवं विधिक आपत्ति नही है।**
2. **आवेदित भूमि का कुल क्षेत्रफल 11200.00 व.मी. है जो कि दो हैक्टेयर से कम है। अतः प्रकरण को राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी (10 हैक्टेयर तक) का प्रावधान 4.02 (i) 'For Smaller Schemes (upto 2 hectares) के अन्तर्गत 70:30 के तहत् विक्रय योग्य क्षेत्रफल 7362.60 व.मी. (65.74%) रखते हुए योजना मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 02/2024वीं बैठक दिनांक 29.05.2024 के अन्तर्गत लिये गये नितिगत निर्णय के अनुसार 60:40 अनुपात में ही योजना अनुमोदन किया जा सकता है। अतः योजना के कुल क्षेत्रफल के 5 प्रतिशत भूमि के समतुल्य पार्क/ओपन स्पेस मय ठोस कचरा प्रबंध का प्रावधान रखते हुए एवं अधिकतम विक्रय योग्य क्षेत्रफल 60 प्रतिशत रखते हुए संशोधित योजना मानचित्र आवेदक से प्राप्त कर राजस्थान टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों की पूर्ति होने पर नियमानुसार अनुमोदित कर जारी किया जावें।**
3. **समिति द्वारा यह पाया गया कि आवेदित भूमि के पंहुचमार्ग की चौड़ाई मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं है। पंहुचमार्ग का मार्गाधिकार विभागीय अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार 24 मीटर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए आपत्ति/सुझाव आमंत्रित कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जावें।**
4. **आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्माण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।**
5. **अनुमोदित मानचित्रानुसार मौके पर सुविधा क्षेत्र, सडक, पार्क इत्यादि के डिमार्केशन की सुनिश्चितता जोन/प्रार्थी के स्तर पर किये जाने के उपरान्त ही भूखण्डों के बेचान संबंधित अग्रिम कार्यवाही प्रार्थी द्वारा की जावें।**
6. **आयोजना शाखा द्वारा नियोजन को दृष्टिगत रखते हुए दिये गये सुझावों एवं टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा ले–आउट प्लान जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।**
7. **टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।**
8. **आवेदित योजना मानचित्र में सृजित भूखण्डों पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखें जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी।**

प्रतिलिपी प्रमाणित

9. योजना का क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम है, अतः भविष्य में योजना की आवश्यकता अनुसार योजना में पार्क की भूमि पर Elevated Service Reservior का निर्माण विशेष परिस्थिति में जोन उपायुक्त व निदेशक अभियान्त्रिकी की स्वीकृति उपरान्त किया जा सकेगा।
10. योजना में सृजित कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल के 12.5 प्रतिशत क्षेत्रफल के समतुल्य भूखण्डों को रहन रखा जाना होगा। जिसके संबंध में आवेदक के स्तर से शपथ पत्र प्राप्त किया जावें। इन भूखण्डों को आन्तरिक विकास कार्य पूर्ण होने के उपरान्त जांच कर रहन मुक्त किये जाने की कार्यवाही की जावें।
11. राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी के आदेश क्रमांक एफ 4(1)आरजे/रेरा/2017/पार्ट/467 दिनांक 14.03.2023 की पालना में योजना मानचित्र अनुमोदन के उपरान्त एवं पट्टे हेतु आवेदन से पूर्व आवेदक द्वारा रेरा रजिस्ट्रेशन करवाया जाना अनिवार्य होगा।
12. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.18(36)UDH/NHAP/2014 Part Jaipur Dated 03.04.2017 के प्रावधान 1.2(3)अ के अनुसार निजी विकासकर्ता की प्लॉटेड आवासीय योजनाओ में विक्रय योग्य क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि EWS एवं LIG भूखण्डो हेतु आरक्षित रखे जाने है। योजना क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम होने व EWS एवं LIG के भूखण्ड सृजित नहीं किये जाने की एवज में 10 प्रतिशत विक्रय योग्य क्षेत्रफल पर, उक्त क्षेत्र की आरक्षित दर एवं जहा आरक्षित दर निर्धारित ना हो वहां आवासीय डी.एल.सी. दरो अथवा कृषि भूमि की डी.एल.सी. दरो जो भी अधिक हो, से शुल्क प्राप्त किया जावे।
13. उक्त प्रस्तावित भूमि से संबंधित अन्य राजस्व, प्रशासनिक, वाद, अवाप्ति एवं मालिकाना हक की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं की होगी। प्रार्थी से इस बाबत शपथ पत्र लिया जावे की प्रश्नगत भूमि पर कोई विवाद नही है तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नही है इस बाबत जोन स्तर से शपथ पत्र लेकर ही पट्टा जारी किया जावें।

प्रस्ताव संख्या : 09

1.	आवेदक का नाम व पता	**श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री औंकार**
2.	राजस्व ग्राम	गोयला (जोन पुष्कर)
3.	खसरा संख्या	796
4.	90–क के अधीन अनुज्ञा	प्रश्नगत भूमि के कूल क्षेत्रफल 9000.00 व.मी. (0.90 हैक्टेयर) हेतु पर्यटन ईकाई प्रयोजनार्थ 90–क आदेश क्रमांक 101052 दिनांक 18.12.2023 जारी है।
5.	90–क के अधीन स्वीकृत भू–उपयोग	रिसोर्ट (पर्यटन ईकाई) प्रयोजनार्थ
6.	मास्टर/जोनल प्लान के अनुसार टिप्पणी	प्रश्नगत भूमि मास्टर प्लान–2031 पुष्कर की परिधि नियन्त्रण पट्टी में स्थित है। परिधि नियन्त्रण पट्टी में 18 मीटर एवं अधिक चौड़ाई की सडको पर रिसोर्ट अनुज्ञेय हैं।
7.	सड़क मार्गाधिकार	आवेदित भूमि को खसरा संख्या 2341/795, 2339/793 किस्म गै.मु. रास्ता से पहुंचमार्ग प्राप्त होता है। जिसका मार्गाधिकार मौके पर 12 मीटर उपलब्ध हैं तथा मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं हैं।
8.	क्षेत्रफल	प्रकरण में 90–क आदेश 9000.00 वर्ग मीटर के जारी हैं व स्थल मानचित्र भी उक्त क्षेत्रफल का ही प्रस्तुत किया गया हैं।
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	भू–अभिलेख शाखा की रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूमि आवेदक की

प्रतिलिपी प्रमाणित

		खातेदारी भूमि है, जो कि 90–क की कार्यवाही पश्चात प्राधिकरण के नाम दर्ज हैं।
10.	मौका रिपोर्ट	आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है। भूमि पर चारदीवारी की हुई है।
11.	विधि शाखा की रिपोर्ट	विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर कोई वाद लम्बित नहीं है।
12.	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित खसरा प्राधिकरण की किसी भी योजना में अवाप्त नहीं है ना ही अवाप्तिधीन है।

प्रस्तावित स्थल मानचित्र का विशलेषण

विवरण	**प्रस्तावित स्थल मानचित्र अनुसार**
1. भूमि का क्षेत्रफल	आवेदित भूमि का कुल क्षेत्रफल 9000.00 व.मी. (0.90 हैक्टेयर) हैं, जिसमें से आवेदित भूमि के पूर्व दिशा की ओर स्थित राजस्व मार्गों का मार्गाधिकार 18 मीटर रखे जाने हेतु आवेदित भूमि मे से क्षेत्रफल 663.51 व.मी. भूमि निःशुल्क समर्पण पश्चात् शेष नियमन योग्य क्षेत्रफल 8336.49 व.मी.
2. भूखण्ड का विवरण	पर्यटन इकाई (रिसोर्ट) प्रयोजनार्थ – एकल पट्टा
अन्य विचारनीय बिन्दु	1. आवेदित भूमि के संबंध में पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पर्यटन ईकाई स्थापना हेतु अनुज्ञा पत्र प्रमाण 2023–24 / 101781 दिनांक 16.01.2024 जारी किया गया है। 2. आवेदित भूमि के पंहुचमार्ग की चौड़ाई मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं है। पंहुचमार्ग का मार्गाधिकार विभागीय अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। 3. आवेदित भूमि पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 4. आवेदक द्वारा एकल भूखण्ड के रूप में आवेदन किया गया है। अतः नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 12.04.2018 के अनुसार रिसोट हेतु प्रस्तावित एकल पट्टों के प्रकरण में सुविधा क्षेत्र हेतु समर्पित की जाने वाली 5 प्रतिशत भूमि की एवेज में उक्त क्षेत्र की कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान है। 5. आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 4000.00 व.मी. से अधिक होने के काण राज्य सरकार से पूर्वानुमति प्राप्त किये जाने के उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना उचित होगा। अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :–समिति द्वारा प्रकरण में विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से आवेदक द्वारा प्रस्तुत रिसोर्ट (पर्यटन इकाई) प्रयोजनार्थ निम्नांकित शर्तो के साथ अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

प्रतिलिपी प्रमाणित

1. आवेदित भूमि के पंहुचमार्ग की चौड़ाई मास्टर प्लान में निर्धारित नहीं है। पंहुचमार्ग का मार्गाधिकार विभागीय अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के अनुसार 18 मीटर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए आपत्ति/सुझाव आमंत्रित कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जावें।
2. स्थल मानचित्र में खसरा संख्या 797 किस्म गै.मु.नाला से लगते हुए बफर जोन विभागीय आदेश दिनांक 20.02.2023 के बिन्दु संख्या 03 के तहत 06 मीटर दर्शाया जाने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही की जावें, जो कि सैटबैक का भाग माना जावेगा।
3. आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्माण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।
4. आयोजना शाखा द्वारा नियोजन को दृष्टिगत रखते हुए दिये गये सुझावों एवं टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा स्थल मानचित्र जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
5. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।
6. आवेदित स्थल मानचित्र पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अविप्रा से निर्माण स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।
7. नगरीय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प.3(77)नविवि/3/2010 पार्ट iv दिनांक 12.04.2018 के बिन्दु संख्या (i) अनुसार रिसोर्ट प्रयोजनार्थ एकल पट्टा प्रकरण में 5 प्रतिशत सुविधा भूमि के स्थान पर कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान हैं। उक्त के अनुसार शुल्क की गणना की जावें।
8. उक्त प्रस्तावित भूमि से संबंधित अन्य राजस्व, प्रशासनिक, वाद, अवाप्ति एवं मालिकाना हक की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं की होगी। प्रार्थी से इस बाबत शपथ पत्र लिया जावे की प्रश्नगत भूमि पर कौई विवाद नही है तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नही है इस बाबत जोन स्तर से शपथ पत्र लेकर ही पट्टा जारी किया जावें।
9. प्रश्नगत भूमि का क्षेत्रफल 4000 व.मी. से अधिक है अतः राज्य सरकार से सक्षम स्वीकृति प्राप्त की जावें।

बैठक अध्यक्ष महोदया को सधन्यवाद समाप्त हुई।

यह बैठक कार्यवाही विवरण आयुक्त एवं अध्यक्ष भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) महोदया से अनुमोदित है।

(मुकेश मित्तल)
निदेशक आयोजना एवं
सदस्य सचिव भवन मानचित्र
समिति (ले–आउट प्लान)
अजमेर विकास प्राधिकरण
अजमेर

प्रतिलिपी प्रमाणित

अविप्रा **अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर** अविप्रा

क्रमांक : अविप्रा/प.3/नि.शा/2024/ 5641-A दिनांक 05-08-2024

प्रतिलिपि निम्नांकित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—

1. अतिरिक्त निजी सचिव, आयुक्त महोदया, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
2. सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
3. उपायुक्त (उत्तर/पुष्कर/किशनगढ़), अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
4. रक्षित पत्रावली।

5/8/24

निदेशक आयोजना एवं
सदस्य सचिव भवन मानचित्र
समिति (ले—आउट प्लान)
अजमेर विकास प्राधिकरण
अजमेर

प्रतिलिपी प्रमाणित

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांकः अ.वि.प्रा./बैठक/प्राधिकरण/24–25/ 1805– दिनांक :08-08-2024

बैठक कार्यवाही विवरण

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की 28 वी प्राधिकरण बैठक दिनांक 08.08.2024 को श्रीमान अध्यक्ष महोदया, अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नानुसार हैं :—

1. श्रीमती भारती दीक्षित ,श्रीमान जिला कलक्टर, अजमेर एवं अध्यक्ष अ.वि.प्रा, अजमेर।
2. श्रीमती ब्रजलता हाडा, मेयर, नगर निगम,अजमेर।
3. श्री कमल पाठक, सभापति नगर पालिका पुष्कर।
4. श्रीमती नित्या के., आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
5. श्री अनिल कुमार पूनियाँ, सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
6. श्री विरेन्द्र कुमार जैन , अति0 मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग,अजमेर।
7. श्री ओंकार राम मुण्डेल, अधिशाषी अभियंता,(प्रतिनिधि अपर मुख्य अभियंता) जन.स्वा.अभि.विभाग, अजमेर।
8. लेखराज सैनी,सहायक नगर नियोजक (वरिष्ठ नगर नियोजक प्रतिनिधि) अजमेर।
9. श्री वी.डी. जॉगिड तकनीकी सलाहकार (प्रतिनिधि अ.वि.वि.नि.लि.) अजमेर विधुत वितरण निगम लि.अजमेर।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित माननीय सदस्यगणों का सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त अजमेर विकास प्राधिकरण की गत बैठक दिनांक 14.02.2024 में लिये गये निर्णयों की अनुपालना से अवगत करवाया गया ।

इसके पश्चात बिन्दुवार एजेण्डा के समस्त बिन्दुओं पर प्राधिकरण की बैठक में श्रीमान् अध्यक्ष महोदया की आज्ञा से कार्यवाही प्रांरम्भ कर निम्नानुसार चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिये गयेः—

प्रस्ताव संख्या	विवरण	अनुभाग
1	दिनांक 14.02.2024 को आयोजित प्राधिकरण की 27 वी. बोर्ड बैठक मे लिए गये प्रस्तावों की पुष्टि । निर्णयः— सर्वसम्मति से दिनांक 14.02.2024 को आयोजित प्राधिकरण की 27 वी बोर्ड बैठक मे लिए गये प्रस्तावों की पुष्टि की गई।	सचिव

प्रतिलिपी प्रमाणित

प्रस्ताव संख्या	विवरण	अनुभाग
19	**विषयः— अजमेर विकास प्राधिकरण स्वामित्व की भूमियों पर विभिन्न योजना सृजित कर, अनुमोदन तथा योजना लॉन्च करने की अनुमति के संबंध में।** अजमेर विकास प्राधिकरण की भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की बैठक संख्या 04/2024 दिनांक 24.07.2024 में प्राधिकरण स्वामित्व की भूमियों पर निम्नांकित योजनाओं के प्रस्ताव को रखा जाकर ले–आउट प्लान स्वीकृत किया गया। योजनाओं के विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–	प्रभारी अधिकारी आवंटन

क्र.सं.	प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा	प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा /प्रस्ताव
1	ग्राम चौरसियावास के साबिक खसरा संख्या 170, 172, 173, 174, 178, 179, 180, 182, 183 पर प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ आरक्षित ब्लॉक– ए भूमि है जिस पर विस्तृत प्लान तैयार कर योजना की सक्षम स्वीकृति /अनुमोदन की अभिशंषा की जाती है।	पत्रावलियों में उपलब्ध दस्तावेजों/टिप्पणियों के अनुसार कोई तथ्य छुपाया नहीं गया है।
2	ग्राम चौरसियावास के साबिक खसरा संख्या 238, 239, 241, 245 से 254 पर प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ आरक्षित ब्लॉक– बी भूमि है जिस पर विस्तृत प्लान तैयार कर योजना की सक्षम स्वीकृति /अनुमोदन की अभिशंषा की जाती है।	
3	ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 444, 445, 448 से 450, 454, 456, 458, 468, 469, 485, 487, 488, 489, 489/2058, 490 से 493, 495 से 503, 503/1945, 503/2040, 503/2041, 504 से 507, 507/2085, 507/2123, 508, 208/2115, 509 से 523, 523/2033 पर प्रश्नगत भूखण्ड पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ आरक्षित भूमि है। जिस पर विस्तृत प्लान तैयार किया गया है। मास्टर प्लान 2001–2023 एवं मास्टर डवलपमेन्ट प्लान 2013–2033 अजमेर रीजन में भी प्रश्नगत भूमि सामुदायिक (व्यवसायिक) केन्द्र प्रयोजनार्थ आरक्षित है। योजना की सक्षम स्वीकृति /अनुमोदन की अभिशंषा की जाती है।	
4	ग्राम लोहागल के खसरा संख्या 377/1403, 836, 838, 850, 853, 837/1731, 373, 839/1909, 839,	

प्रतिलिपि प्रमाणित

प्रस्ताव संख्या	विवरण		अनुभाग
	अन्य विचारनीय बिन्दु	1. प्रस्तावित योजना पृथ्वीराज नगर आवासीय योजना में सृजित सामुदायिक (व्यवसायिक) केन्द्र ब्लॉक का विस्तृत ले–आउट प्लान है। चूंकि प्रस्तावित भूखण्ड पूर्वानुमोदित योजना का भाग है, जिसके क्षेत्र विश्लेषण में सम्पूर्ण प्रस्तावित भूमि की व्यवसायिक प्रयोजन के अन्तर्गत गणना की गयी है। अतः राजस्थान टाउनशिप पॉलीसी– 2010 के प्रावधान पृथक से लागू किये जाने की आवश्यकता नही है। 2. योजना के भूखण्ड संख्या सी–1 से सी–5 एवं जी.एच–1 व जी.एच–2 पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। शेष भूखण्डों पर पृथक से सैटबैक लागू नही है एवं ऊंचाई जी+1 (9 मीटर) अनुज्ञेय होगें। 3. योजना के तकनीकी अनुमोदन किये जाने की दृष्टि में उक्त योजना का अभियांत्रिकी शाखा से आरक्षित दर की गणना करवाया जाना प्रस्तावित है। अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।	

5. ट्रॉंसपोर्टेशन हब किशनगढ़ योजना

1.	स्वामित्व	अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
2.	राजस्व ग्राम	राजस्व ग्राम तोलामल (जोन किशनगढ़)
3.	खसरा संख्या	126, 127, 173, 176, 227, 231, 249, 259, 330/2, 398/173, 439/248, 451/268, 105, 108, 103, 112, 102, 114, 128, 179
4.	मास्टर प्लान एवं योजना के अनुसार टिप्पणी	प्रश्नगत भूमि राजस्व ग्राम तोलामल में स्थित है। मास्टर डवलपमेन्ट प्लान 2013–33 अजमेर रीजन एवं किशनगढ़ जोनल डवलपमेंट प्लान 2031 अनुसार ट्रॉसपोर्टेशन हब एवं आवासीय तथा पब्लिक यूटिलिटी प्रयोजनार्थ आरक्षित भूमि है। जिस पर विस्तृत प्लान तैयार किया गया है।

प्रतिलिपि प्रमाणित

प्रस्ताव संख्या	विवरण			अनुभाग
	5.	प्रस्तावित भूमि को पहुँचमार्ग	योजना के पश्चिमी दिशा में 60 मी. चौड़ी सड़क, पूर्व दिशा में 24 मी. चौड़ी एवं 30 मी. चौड़ी सड़क, योजना के दक्षिण पश्चिमी दिशा में 30 मी. चौड़ी सड़क तथा 18 मी. चौड़ी सड़क स्थित है। प्रस्तावित योजना को अजमेर, जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 60 मी. चौड़ी सड़क से जुड़ती हुई 60 मी. चौड़ी सड़क से मुख्यत पहुँचमार्ग उपलब्ध है। योजना में स्थित मुख्य सड़के आगे जाकर प्रस्तावित रिंग रोड 60 मी. चौड़ी से जुड़ती है।	
	6.	क्षेत्रफल	प्रस्तावित भूमि का कुल क्षेत्रफल 84.17 हैक्टेयर (8,41,726.67 व.मी.) है।	
	7.	स्वामित्व रिपोर्ट	प्रश्नगत भूमि का स्वामित्व पूर्णतः अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर का है। योजनाओं के मुख्य चौड़े 60 मी. सड़क मार्गाधिकार में आंशिक भूमि का स्वामित्व NHAI का है।	
	8.	मौका रिपोर्ट	मौके पर भूमि पूर्णतः रिक्त है। यद्यपि मुख्य प्रस्तावित पहुँचमार्ग 60 मी. में मौके पर 30 मी. लगभग उपलब्ध है साथ ही पहुँचमार्ग की भूमि पर स्थायी व अस्थायी निर्माणार्थ कर उपयोग किया जा रहा है।	
	9.	विधि शाखा की रिपोर्ट	प्रस्तुत प्रकरणः वाद बाबत निदेशक विधि से रिपोर्ट लिया जाना अपेक्षित है।	
	10.	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट	आवेदित खसरे प्राधिकरण की किसी योजना में अवाप्त नहीं है।	
	प्रस्तावित योजना मानचित्र का क्षेत्र विशलेषण			
	1. योजना का क्षेत्रफल		84.17 हैक्टेयर (8,41,726.67 व.मी.)	
	2. क्षेत्रफल का वर्गीकरण		विक्रय योग्य क्षेत्रफल 505000.00 व.मी. (60.00%) एवं पाथ–वे/पार्किंग/सुविधा क्षेत्र/कोर्टयार्ड/वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु योजना में प्रस्तावित क्षेत्रफल 336690.00 व.मी. (40.00%) उक्त का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :– 1. इनफॉर्मल एरिया का कुल क्षेत्रफल 16834.53 व.मी.. 2. वेयर हाउस हेतु आरक्षित 45 भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल 249625.69 व.मी. 3. व्यवसायिक क्षेत्र – 25168.56 व.मी. 4. पेट्रोल पम्प हेतु 2 भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल – 7585.50 व.मी. 5. सड़क एवं पार्किंग हेतु कुल क्षेत्रफल – 205562.08 व.मी.	

प्रतिलिपी प्रमाणित

प्रस्ताव संख्या	विवरण		अनुभाग
		6. ग्रुप हाउसिंग हेतु 6 भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल – 115612.26 व.मी. 7. पब्लिक फैसिलिटी हेतु क्षेत्रफल – 20404.39 व.मी. 8. पब्लिक यूटिलिटी हेतु क्षेत्रफल – 31396.29 व.मी. 9. वृक्षारोपण क्षेत्र – 32476.10 व.मी.	
	अन्य विचारणीय बिन्दु	1. प्रस्तावित योजना : राजस्थान टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधान लागू है। 2. योजना के भूखण्ड तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 3. योजना के तकनीकी अनुमोदन किये जाने की दृष्टि में उक्त योजना का अभियांत्रिकी शाखा से आरक्षित दर की गणना करवाया जाना प्रस्तावित है। तथा *विशेष योजना होने के कारण* उक्त योजना का राज्य सरकार से पूर्व स्वीकृति लिया जाना उचित होगा। अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।	

उपरोक्त वर्णित सभी योजनाओं में अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 तथा राजस्थान शहरी भूमि निष्पादन नियम 1974 में वर्णित प्रावधानानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए योजनाओं को लॉन्च करने के संबंध में प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं उचित निर्णयार्थ प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णयः– प्राधिकरण की बैठक में सदस्यों द्वारा बाद विस्तृत विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से प्राधिकरण की ले–आउट प्लान समिति द्वारा अनुमोदित उक्त योजनाओं का प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार अनुमोदन किये जाने का निर्णय पारित किया गया तथा उक्त योजनाओं के दर निर्धारण, राज्य सरकार से स्वीकृती सहित अन्य कार्यवाही हेतु प्राधिकरण की कार्यकारी समिति को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

20	**अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदया की आज्ञा से** **बैठक मे उपस्थित मान्नीय सदस्यों की सर्वसहमति से अतिआवश्यक प्रकृति एवं प्राधिकरण के विधिक मामलों से संबंधित होने के कारण निम्नांकित विषय टेबल एजेण्डा के रूप मे सदन मे विचार विमर्श हेतु निदेशक विधि, अविप्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया।** **1- विषयः– माननीय न्यायालयो में विचाराधीन प्रकरणों में अधिवक्ताओं को देय फीस व विविध व्यय के पुनः निर्धारण के संबंध में।**	

प्रतिलिपी प्रमाणित

प्रस्ताव संख्या	विवरण	अनुभाग
	10. अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के पैनल अधिवक्तागण तथा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त अधिवक्तागण के अतिरिक्त प्राधिकरण हित में उक्त निर्धारित दरों पर सचिव अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के स्तर से न्यायालय प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त किया जा सकेगा। 11. न्यायालय प्रकरणों में जिस अधिवक्ता की प्ररफोमेन्स उचित नहीं होगी उसे किसी भी स्तर पर तत्काल पैनल से हटाया जा सकेगा। 12. उक्त देय फीस/खर्चे आदि इस संबंध में प्राधिकरण स्तर से पृथक से आदेश जारी किये जाने की दिनांक के उपरान्त आवंटित प्रकरणों के संबंध में लागू होगें। **निर्णयः— प्राधिकरण की बैठक में सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर विस्तृत विचार विमर्श कर प्रस्तुत प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।**	

तत्पश्चात बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई ।

(यह बैठक कार्यवाही विवरण पत्रावली (संस्थापन शाखा /बोर्ड बैठक पार्ट–2/2024 प्राधिकरण की बैठक निर्धारण पत्रावली) के पैरा संख्या 12 / एन में श्रीमान् अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदित है।)

(उल्लेखनीय है कि अजमेर विकास प्राधिकरण (कार्य संचालन) विनियम 2021 के नियम 12 (2) में प्रावधान है कि यदि बैठक में उपस्थित पचास प्रतिशत या इससे अधिक सदस्य कार्यवृत्त की प्राप्ति के सात दिवस के भीतर किसी विशिष्ट विनिश्चय या विनिश्चयों का कार्यवृत या उसके किसी भाग के गलत तथा/ या त्रुटिपूर्ण अभिलेखन के आधार पर आपत्ति करें और निवेदन करे कि उक्त विनिश्चय या विनिश्चयों का क्रियान्वयन रोक दिया जावेगा और अगली बैठक में ऐसे विनिश्चय लिये जाने तक कियान्वित नही किया जावेगा। यदि उपस्थित सदस्यों के पच्चीस प्रतिशत या इसके अधिक किन्तु पचास प्रतिशत से कम सदस्य उपयुक्त रूप से किसी विनिश्चय या विनिश्चयो पर आपत्ति करे और उसके या उनके प्रवर्तन को रोकने के लिये निवेदन करें तो अध्यक्ष,यदि वह उचित समझे,अगली बैठक तक,जब प्रश्न विनिश्चय के लिये रखा जायेगा, कियान्वयन रोक सकेगा। यदि उपस्थित सदस्यों के बीस प्रतिशत से कम सदस्य उपयुक्त रूप से किसी विनिश्चय या विनिश्चयों पर आपत्ति करें तो उनकी आपत्ति या आपत्तियां विनिश्चय के लिय अगली बैठक में रखी जावेगी। कार्यवतृ जब तक कि रोक या उलट न दिया गया हो,संशोधन या उपान्तरित न कर दिया गया हो, पीठासीन सदस्य तथा सचिव के हस्ताक्षरों के पश्चात पुष्ट किया हुआ समझा जायेगा। परन्तु विनिश्चयों में ऐसे उपान्तारण, संशोधन या उनके उलटे जाने से विनिश्चय या विनिश्चयों में से ऐसे <u>उपान्तरण/संशोधन</u> या उनके उलटे जाने से पूर्व की गई किसी बात या कार्यवाही पर किसी भी तरह का प्रभाव नही पडेगा।)

08.8.2024

(अनिल कुमार पूनियाँ)
सचिव
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांकः अ.वि.प्रा./बैठक/प्राधिकरण/24-25/ 7805-16 दिनांक 08-08-2024

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निजी सचिव, श्रीमान् अध्यक्ष महोदया, अविप्रा एवं श्रीमान् जिला कलक्टर, अजमेर।
2. निजी सहायक, श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपी प्रमाणित

3. निजी सहायक, श्रीमान् आयुक्त महोदया, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
4. उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन बोर्ड, जयपुर (अजमेर रीजन), अजमेर।
5. अपर मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर।
6. अपर मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर।
7. मुख्य प्रबंध निदेशक, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर।
8. श्रीमान् महापौर महोदया, नगर निगम अजमेर।
9. श्रीमान् अध्यक्ष, नगर परिषद, किशनगढ, अजमेर।
10. श्रीमान् अध्यक्ष, नगर पालिका बोर्ड, पुष्कर, अजमेर।
11. श्रीमान् जिला प्रमुख महोदया, जिला परिषद, अजमेर।
12. वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर।

प्रतिलिपि:— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

13. निदेशक अभियांत्रिकी/विधि/वित्त/आयोजना, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
14. उपायुक्त जोन उत्तर/दक्षिण/पुष्कर/किशनगढ/भूमि अवाप्ति अधिकारी, अविप्रा, अजमेर।
15. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य नियंत्रक अधिकारी, अतिक्रमण, अविप्रा, अजमेर।
16. प्रोग्रामर एवं प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर, अविप्रा, अजमेर को भेजकर लेख हैं कि संबंधित को मेल आई. डी. द्वारा कार्यवाही विवरण प्रेषित किया जाना तथा प्राधिकरण की अधिकृत वेबसाईट पर प्रदर्शन हेतु अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

08.8.2024

सचिव
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

प्रतिलिपी प्रमाणित

अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 08/2024 वीं बैठक दिनांक 07.11.2024 का कार्यवाही विवरण :–

भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 08/2024 वीं बैठक दिनांक 07.11.2024 को आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सायः 06:00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगणों व अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया :–

1. सचिव, श्री अनिल कुमार पूनियाँ, अजमेर विकास प्राधिकरण
2. उपायुक्त (उत्तर), श्री भरत राज गुर्जर, अजमेर विकास प्राधिकरण
3. उपायुक्त (दक्षिण/किशनगढ), श्री प्रवीण कुमार, अजमेर विकास प्राधिकरण
4. उपायुक्त (पुष्कर), श्री सूर्यकान्त शर्मा, अजमेर विकास प्राधिकरण
5. निदेशक आयोजना एवं सदस्य सचिव, श्री मुकेश मित्तल, अजमेर विकास प्राधिकरण

सदस्य सचिव द्वारा समस्त सदस्यों को बैठक के एजेण्डा की प्रतियां उपलब्ध करवायी गयी। बैठक में अजमेर विकास प्राधिकरण को प्राप्त पत्रावलियों से संबंधित 06 एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा कर समिति द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

प्रस्ताव संख्या : 01

1.	**आवेदक का नाम**	**श्रीमती चित्रा बुलानी पुत्री श्री थावर दास बुलानी श्री थावर दास बुलानी पुत्र श्री झमटमल**
2.	राजस्व ग्राम	कायड (जोन उत्तर)
3.	खसरा संख्या	2752, 2754, 2772, 2774, 2777, 2778, 2779
4.	90–क के अधीन अनुज्ञा	प्रश्नगत भूमि के कुल क्षेत्रफल 1.73 हैक्टेयर हेतु 90–क आदेश क्रमांक 100926 दिनांक 03.10.2023 प्राधिकृत अधिकारी अविप्रा द्वारा जारी है।
5.	90–क के अधीन स्वीकृत भू–उपयोग	**आवासीय प्रयोजनार्थ**
6.	मास्टर/जोनल प्लान के अनुसार टिप्पणी	मास्टर डवलपमेंट प्लान 2013–33 अनुसार आवेदित भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ आरक्षित हैं। जोनल डवलपमेन्ट प्लान की 18 मीटर प्रस्तावित सडक भूमि के मध्य से गुजर रही है।
7.	आवेदित भूमि को पहुँचमार्ग	आवेदित भूमि को पूर्वानुमोदित योजना की 18 मीटर चौडी सडक से पहुंच मार्ग प्राप्त होता है जो कि आवेदित भूमि के उत्तर–पूर्व दिशा की ओर स्थित है।
8.	क्षेत्रफल	प्रकरण में 90–क आदेश 17300.00 व.मी. के जारी किये गये है व योजना मानचित्र भी उक्त क्षेत्रफल का ही प्रस्तुत किया गया है।
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	भू–अभिलेख शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि आवेदक की खातेदारी भूमि है जो कि 90–क की कार्यवाही पश्चात प्राधिकरण के नाम दर्ज हैं।
10.	मौका रिपोर्ट	आवेदित भूमि मौके पर रिक्त हैं एवं तारबन्दी की हुयी है। भूमि के उत्तर–पूर्व दिशा की ओर पूर्वानुमोदित योजना की 18 मीटर चौडी सडक निर्मित है जिससे पहुंचमार्ग प्राप्त होता है।
11.	विधि शाखा की रिपोर्ट	प्रस्तुत प्रकरण में कोई वाद–विवाद लम्बित नहीं हैं।
12.	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट	आवेदित खसरे प्राधिकरण की किसी योजना में अवाप्त/अवाप्ताधीन नहीं हैं।

प्रस्तावित योजना मानचित्र का विश्लेषण

विवरण	टाउनशिप पॉलिसी–2010	प्रस्तावित योजना मानचित्र

प्रतिलिपी प्रमाणित

अविप्रा **अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर**

	के अनुसार	अनुसार
1. योजना का क्षेत्रफल	–2 हैक्टेयर से कम	**कुल क्षेत्रफल =17300.00 व.मी.**
2. क्षेत्रफल का वर्गीकरण	2 हैक्टेयर से कम 70%–आवासीय/व्यवसायिक 30%– खुला/ पार्क/ फैसिलिटि/सड़क आदि।	विक्रय योग्य कुल क्षेत्रफल 10409.40 व.मी. (60.17%) एवं पार्क/सड़क/सुविधा क्षेत्र हेतु योजना में प्रस्तावित क्षेत्रफल 6890.60 व.मी. (39.83%) उक्त का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं :– आवासीय–9371.40 व.मी.(54.17%) व्यवसायिक–692.00 व.मी.(04.00%) खुदारा दुकानें–346.00व.मी.(02.00%) पार्क हेतु 909.66 व.मी. (5.26%) सड़क–5960.94 व.मी. (34.46%) जिसमे 18 मीटर चौड़ी जोनल प्लान सड़क के अंतर्गत 1646.20 व.मी. क्षेत्र आता हैं, इसके अतिरिक्त मोबाईल टावर हेतु 20.00 व.मी. आरक्षित रखा गया है। जो कि कुल योजना क्षेत्र का 0.11% हैं।
3. भूखण्डो का विवरण	आवासीय/व्यवसायिक/अन्य	आवासीय–49 व्यवसायिक–03 खुदारा दुकाने–10
अन्य विचारणीय बिन्दु	1. भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 02/2024 वीं बैठक दिनांक 29.05.2024 में लिए गए नीतिगत निर्णय के अनुसार आवेदित भूमि के 05 प्रतिशत समतुल्य पार्क/ओपन– स्पेस तथा ठोस कचरा संग्रहण केंद्र एवं मोबाइल टॉवर हेतु भूमि आरक्षित किया जाना अनिवार्य होगा। जिसका प्रावधान सुनिश्चित करते हुए योजना मानचित्र स्वीकृत किया जाना उचित होगा। 2. आवेदित भूमि के मध्य से गुजर रही सेक्टर रोड का मार्गाधिकार 18 मी. रखे जाने हेतु आवेदक की भूमि में से क्षेत्रफल 1646.20 व. मी. भूमि आवेदक द्वारा निःशुल्क समर्पित की जानी होंगी। उक्त समर्पित भूमि पर प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जावेगा। 3. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी। 4. योजना के भूखण्डों पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 5. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.3(77)UDH/3/2010 Part Jaipur Dated 10.08.2020के प्रावधान 7.02/5.10 के अनुसार 1 हैक्टेयर से 5 हैक्टेयर तक की योजनाओं में कम से कम 2 टेलीकॉम टॉवर हेतु जगह आरक्षित की जानी होगी। बेशर्ते आरक्षित जगह 10 व.मी. प्रति टॉवर से कम ना हो। जिसका

प्रतिलिपी प्रमाणित

	प्रावधान योजना मानचित्र में किया गया है। 6. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.18(36)UDH/NHAP/2014 Part Jaipur Dated 03.04.2017 के प्रावधान 1.2(3)अ के अनुसार निजी विकासकर्ता की प्लॉटेड आवासीय योजनाओ में विक्रय योग्य क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि EWS एवं LIG भूखण्डो हेतु आरक्षित रखे जाने है। योजना क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम होने व EWS एवं LIG के भूखण्ड सृजित नहीं किये जाने की एवज में 10 प्रतिशत विक्रय योग्य क्षेत्रफल पर, उक्त क्षेत्र की आरक्षित दर एवं जहा आरक्षित दर निर्धारित ना हो वहांआवासीय डी.एल.सी. दरो अथवा कृषि भूमि की डी.एल.सी. दरो जो भी अधिक हो से शुल्क लिया जाना उचित होगा।

निर्णय :–समिति द्वारा प्रकरण में विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवासीय योजना मानचित्र निम्नांकित शर्तो के साथ अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया:–

1. भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान) की 02/2024 वीं बैठक दिनांक 29.05.2024 में लिए गए नीतिगत निर्णय के अनुसार आवेदित भूमि के 05 प्रतिशत समतुल्य पार्क/ओपन–स्पेस तथा इसके अतिरिक्त ठोस कचरा संग्रहण केंद्र एवं मोबाइल टॉवर हेतु भूमि आरक्षित किया जाना अनिवार्य है। अतः उक्तानुसार संशोधित योजना मानचित्र प्राप्त किया जावें। यदि संशोधित मानचित्र नियमानुसार पाया जावे तो अग्रिम कार्यवाही की जावें।
2. आवेदित भूमि के मध्य से गुजर रही सेक्टर रोड का मार्गाधिकार 18 मी. रखे जाने हेतु आवेदक की भूमि में से क्षेत्रफल 1646.20 व.मी. भूमि आवेदक द्वारा निःशुल्क समर्पित की जानी होंगी। उक्त समर्पित भूमि पर प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जावेगा।
3. आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्माण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।
4. अनुमोदित मानचित्रानुसार मौके पर सुविधा क्षेत्र, सडक, पार्क इत्यादि के डिमार्केशन की सुनिश्चितता जोन/प्रार्थी के स्तर पर किये जाने के उपरान्त ही भूखण्डों के बेचान संबंधित अग्रिम कार्यवाही प्रार्थी द्वारा की जावें।
5. टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा ले–आउट प्लान जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
6. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।
7. आवेदित योजना मानचित्र में सृजित भूखण्डों पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अविप्रा से निर्माण स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।
8. योजना का क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम है, अतः भविष्य में योजना की आवश्यकता अनुसार योजना में पार्क की भूमि पर Elevated Service Reservior का निर्माण विशेष परिस्थिति में निदेशक आयोजना व निदेशक अभियान्त्रिकी की स्वीकृति उपरान्त किया जा सकेगा।
9. योजना में सृजित कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल के 12.5 प्रतिशत क्षेत्रफल के समतुल्य भूखण्डों को रहन रखा जाना होगा। जिसके संबंध में आवेदक के स्तर से शपथ पत्र प्राप्त किया जावें। इन भूखण्डों को आन्तरिक विकास कार्य पूर्ण होने के उपरान्त जांच कर रहन मुक्त किये जाने की कार्यवाही की जावें।
10. राजस्थान रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी के आदेश क्रमांक एफ 4(1)आरजे/रेरा/2017/पार्ट/467 दिनांक 14.03.2023 की पालना में योजना मानचित्र अनुमोदन के उपरान्त एवं पट्टे हेतु आवेदन से पूर्व आवेदक द्वारा रेरा रजिस्ट्रेशन करवाया जाना अनिवार्य होगा।
11. राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक F.18(36)UDH/NHAP/2014 Part Jaipur Dated 03.04.2017 के प्रावधान 1.2(3)अ के अनुसार निजी विकासकर्ता की प्लॉटेड आवासीय

प्रतिलिपी प्रमाणित

योजनाओ में विक्रय योग्य क्षेत्रफल की 10 प्रतिशत भूमि EWS एवं LIG भूखण्डो हेतु आरक्षित रखे जाने है। योजना क्षेत्रफल 2 हैक्टेयर से कम होने व EWS एवं LIG के भूखण्ड सृजित नहीं किये जाने की एवज में 10 प्रतिशत विक्रय योग्य क्षेत्रफल पर, उक्त क्षेत्र की आरक्षित दर एवं जहा आरक्षित दर निर्धारित ना हो वहां आवासीय डी.एल.सी. दरो अथवा कृषि भूमि की डी.एल.सी. दरो जो भी अधिक हो, से शुल्क प्राप्त किया जावे।

12. उक्त प्रस्तावित भूमि से संबंधित अन्य राजस्व, प्रशासनिक, वाद, अवाप्ति एवं मालिकाना हक की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं की होगी। प्रार्थी से इस बाबत शपथ पत्र लिया जावे की प्रश्नगत भूमि पर कोई विवाद नही है तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नही है इस बाबत जोन स्तर से शपथ पत्र लेकर ही पट्टा जारी किया जावें।

प्रस्ताव संख्या : 02

1.	**आवेदक का नाम**	**श्री हंसराज डांगी पुत्र श्री शिवराज डांगी**
2.	राजस्व ग्राम	सूरजकुण्ड (जोन पुष्कर)
3.	खसरा संख्या	1245
4.	90–क के अधीन अनुज्ञा	प्रश्नगत भूमि के कूल क्षेत्रफल 2.21 हैक्टेयर हेतु 90–क आदेश क्रमांक 100473 दिनांक 13.10.2023 प्राधिकृत अधिकारी अविप्रा द्वारा जारी है।
5.	90–क के अधीन स्वीकृत भू–उपयोग	**रिसोर्ट (पर्यटन ईकाई) प्रयोजनार्थ**
6.	मास्टर/जोनल प्लान के अनुसार टिप्पणी	प्रश्नगत भूमि का भू–उपयोग पुष्कर मास्टर प्लान 2031 के अनुसार परिधि नियन्त्रण पट्टी है। राज्य सरकार द्वारा दिनांक 14.10.2024 को अधिसूचित DPCR प्रावधानों की तालिका 08 के बिंदु संख्या 3.1 के अनुसार परिधि नियंत्रण पट्टी में 18 मीटर एवं अधिक चौड़ाई की सड़कों पर रिसोर्ट अनुज्ञेय हैं।
7.	आवेदित भूमि को पहुँचमार्ग	आवेदित भूमि को वेस्ट–इन रिसोर्ट से प्राधिकरण की सूरजकुण्ड योजना की ओर जाने पर मार्ग पर खसरा संख्या 1252 किस्म गै.मु. रास्ता से पहुंचमार्ग उपलब्ध होता है। जिसकी मौके पर चौडाई लगभग 18 मीटर उपलब्ध है। इस मार्ग का मार्गाधिकार मास्टर प्लान में निर्धारित नही है व सूरजकुण्ड योजना में मार्गाधिकार 30 मीटर रखते हुए अनुज्ञा प्रदान की गयी है।
8.	क्षेत्रफल	आवेदित भूमि के 90–क आदेश 22100.00 व.मी. के जारी है व स्थल मानचित्र भी उपरोक्त क्षेत्रफल हेतु ही प्रस्तुत किया गया है।
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	भू–अभिलेख शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित भूमि आवेदक की खातेदारी भूमि है जो कि 90–क की कार्यवाही पश्चात प्राधिकरण के नाम दर्ज हैं।
10.	मौका रिपोर्ट	आवेदित भूमि पर चार दिवारी निर्मित है व उत्तर–पूर्व दिशा की ओर आंशिक भाग में कमरे का निर्माण किया हुआ है।
11.	विधि शाखा की रिपोर्ट	विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर कोई वाद लम्बित नहीं है।
12.	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित खसरा प्राधिकरण की किसी भी योजना में अवाप्त नहीं है नाही अवाप्ताधीन है।

प्रस्तावित स्थल मानचित्र का विशलेषण

विवरण	**प्रस्तावित स्थल मानचित्र अनुसार**
1. भूमि का क्षेत्रफल	कुल आवेदित क्षेत्रफल= 22100.00 व.मी (2.21 हैक्टेयर) जिसमें से सड़क मार्गाधिकार हेतु 1327.00 व.मी. निःशुल्क समर्पण के पश्चात शेष नियमन योग्य क्षेत्रफल 20773.00 व.मी.

प्रतिलिपि प्रमाणित

2. भूखण्ड का विवरण	पर्यटन ईकाई (रिसोर्ट)– एकल पट्टा
अन्य विचारणीय बिन्दु	1. आवेदित भूमि के संबंध में पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पर्यटन ईकाई स्थापना हेतु अनुज्ञा प्रमाण पत्र क्रमांक 2023–24/101962 दिनांक 27.02.2024 को जारी है। 2. आवेदित भूमि के दक्षिण दिशा में स्थित मार्ग का मार्गाधिकार 30 मी. रखे जाने हेतु वर्तमान सड़क मध्य से 15 मी. दूरी तक आ रही आवेदक की भूमि क्षेत्रफल 1327.00 व.मी. भूमि आवेदक द्वारा निःशुल्क समर्पित की गयी हैं उक्त समर्पित भूमि पर प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जावेगा। 3. आवेदित भूमि पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 4. आवेदक द्वारा एकल भूखण्ड के रूप में आवेदन किया गया है। अतः नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 12.04.2018 के अनुसार रिसोर्ट हेतु प्रस्तावित एकल पट्टों के प्रकरण में सुविधा क्षेत्र हेतु समर्पित की जाने वाली 5 प्रतिशत भूमि की एवज में उक्त क्षेत्र की कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान है। अतः क्षेत्रफल 1039.00 व.मी. पर उक्त राशि ली जानी उचित होगी। 5. आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 4000.00 व.मी. से अधिक होने के कारण राज्य सरकार से पूर्वानुमति प्राप्त किये जनो के उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही किया जाना उचित होगा। अतः प्रकरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :–समिति **द्वारा प्रकरण** में विचार विमर्श **कर सर्वसम्मति** से आवेदक **द्वारा प्रस्तुत** रिसोर्ट (पर्यटन इकाई) प्रयोजनार्थ निम्नांकित शर्तो के साथ अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित भूमि के दक्षिण दिशा में स्थित मार्ग का मार्गाधिकार 30 मी. रखे जाने हेतु वर्तमान सड़क मध्य से 15 मी. दूरी तक आ रही आवेदक की भूमि क्षेत्रफल 1327.00 व.मी. भूमि आवेदक द्वारा निःशुल्क समर्पित की गयी है एवं उक्त समर्पित भूमि पर प्रार्थी द्वारा किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जावेगा।

2. प्राप्त मौका रिपोर्ट अनुसार भूमि पर निर्माण स्थित है जिसके संबंध में विभागीय आदेश दिनांक 29.11.2022 की तालिका 11 के अनुसार बिना अनुमति निर्माण के संबंध में शास्ति वसूल की जावें।

3. आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्गाण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।

4. टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा स्थल मानचित्र जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।

5. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।

6. आवेदित स्थल मानचित्र पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अविप्रा से निर्माण स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।

7. नगरीय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प.3(77)नविवि/3/2010 पार्ट iv दिनांक 12.04.2018 के बिन्दु संख्या (I) अनुसार रिसोर्ट प्रयोजनार्थ एकल पट्टा प्रकरण में 5

प्रतिलिपी प्रमाणित

प्रतिशत सुविधा भूमि के स्थान पर कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान हैं। उक्त के अनुसार शुल्क की गणना की जावें।

8. उक्त प्रस्तावित भूमि से संबंधित अन्य राजस्व, प्रशासनिक, वाद, अवाप्ति एवं मालिकाना हक की समस्त जिम्मेदारी प्रार्थी स्वयं की होगी। प्रार्थी से इस बाबत शपथ पत्र लिया जावे की प्रश्नगत भूमि पर कोई विवाद नही है तथा किसी न्यायालय में कोई वाद लंबित नही है इस बाबत जोन स्तर से शपथ पत्र लेकर ही पट्टा जारी किया जावें।
9. प्रश्नगत भूमि का क्षेत्रफल 4000 व.मी. से अधिक है अतः राज्य सरकार से सक्षम स्वीकृति प्राप्त की जावें।

प्रस्ताव संख्या : 03

1.	आवेदक का नाम व पता	**श्री जगदीश टांक पुत्र श्री नाथू सिंह**
2.	राजस्व ग्राम	घुघरा (जोन उत्तर)
3.	खसरा संख्या	3359
4.	90–क के अधीन अनुज्ञा	प्रश्नगत भूमि के कुल क्षेत्रफल 0.13 हैक्टेयर हेतु 90–क आदेश क्रमांक 101108 दिनांक 23.07.2024 जारी है।
5.	90–क के अधीन स्वीकृत भू–उपयोग	**सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ**
6.	मास्टर/जोनल प्लान के अनुसार टिप्पणी	आवेदित भूमि मास्टर डवलपमेन्ट प्लान 2033 अजमेर रीजन के मिश्रित उपयोग में स्थित है जिसके अग्र भाग में 30 मीटर गहराई तक वृक्षारोपण पट्टी निर्धारित है। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 की तालिका 10 के बिन्दु संख्या 1.1 के अनुसार मिश्रित उपयोग में वाणिज्यिक/आवासीय/संस्थागत/पर्यटन इकाई एकल उपयोग के रूप में अनुज्ञेय है।
7.	सड़क मार्गाधिकार	आवेदित भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–08 पर स्थित है। जिसका मार्गाधिकार एवं मौके पर उपलब्ध चौडाई 60 मीटर है।
8.	क्षेत्रफल	प्रकरण में 90–क आदेश 1300.00 वर्ग मीटर के जारी हैं व स्थल मानचित्र भी उक्त क्षेत्रफल का ही प्रस्तुत किया गया हैं।
9.	स्वामित्व रिपोर्ट	भू–अभिलेख शाखा की रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूमि आवेदक की खातेदारी भूमि है, जो कि 90–क की कार्यवाही पश्चात प्राधिकरण के नाम दर्ज हैं।
10.	मौका रिपोर्ट	आवेदित भूमि मौके पर रिक्त है।
11.	विधि शाखा की रिपोर्ट	विधि शाखा की रिपोर्ट अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर कोई वाद लम्बित नहीं है।
12.	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट	भू–अवाप्ति शाखा की रिपोर्ट अनुसार आवेदित खसरा प्राधिकरण की किसी भी योजना में अवाप्त नहीं है नाही अवाप्तिधीन है।

प्रस्तावित स्थल मानचित्र का विशलेषण

विवरण	**प्रस्तावित स्थल मानचित्र अनुसार**
1. भूमि का क्षेत्रफल	कुल आवेदित क्षेत्रफलत्र 1300.00 व.मी (0.13 हैक्टेयर)
2. भूखण्ड का विवरण	सामान्य व्यवसायिक प्रयोजनार्थ–एकल पट्टा
अन्य विचारणीय बिन्दु	1. आवेदित भूमि के पश्चिम दिशा में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–08 जिसका मार्गाधिकार 60 मीटर के पश्चात् सडक के दोनों ओर 30–30 मीटर गहराई तक वृक्षारोपण पट्टी निर्धारित की गयी है। वृक्षारोपण पट्टी के अन्तर्गत आ रही भूमि पर किसी

प्रतिलिपी प्रमाणित

	प्रकार का निर्माण अनुज्ञेय नही होगा तथा इसे भूमि को अग्र सैटबैक माना जा सकेगा। 2. आवेदित भूमि पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण की सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी। 3. आवेदक द्वारा एकल भूखण्ड के रूप में आवेदन किया गया है। अतः नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 12.01.2018 के अनुसार आवेदित भूमि का क्षेत्रफल 5000 व.मी. से कम होने के कारण प्रकरण में सुविधा क्षेत्र हेतु समर्पित की जाने वाली 5 प्रतिशत भूमि की एवज में उक्त क्षेत्र की आवासीय आरक्षित दर एवं जहां आरक्षित दर ना हो वहां आवासीय डी.एल.सी. अथवा कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर जो भी अधिक हो से राशि वसूल किये जाने का प्रावधान है।

निर्णय :–समिति द्वारा प्रकरण में विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से आवेदक द्वारा प्रस्तुत व्यवसायिक (मोटल प्रयोजनार्थ) स्थल मानचित्र निम्नांकित शर्तो के साथ अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित भूमि के पश्चिम दिशा में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–08 जिसका मार्गाधिकार 60 मीटर के पश्चात् सडक के दोनों ओर 30–30 मीटर गहराई तक वृक्षारोपण पट्टी निर्धारित की गयी है। वृक्षारोपण पट्टी के अन्तर्गत आ रही भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण अनुज्ञेय नही होगा तथा इसे भूमि को अग्र सैटबैक के रूप में उपयोग किया जावेगा।।
2. आवेदित भूमि में से सडक मार्गाधिकार के उपरान्त सैटबैक के अन्तर्गत स्थित निर्माण को ध्वस्त किये जाने के उपरान्त ही अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जावें।
3. आवेदित भूमि में सडक मार्गाधिकार में कोई निर्माण नही होने की सुनिश्चितता उपरान्त ही पट्टा विलेख जारी किये जाने की कार्यवाही जोन स्तर पर सम्पादित की जावेगी।
4. अनुमोदित मानचित्रानुसार मौके पर सडक, इत्यादि के डिमार्केशन की सुनिश्चितता जोन/प्रार्थी के स्तर पर किये जाने के उपरान्त ही भूखण्डों के बेचान संबंधित अग्रिम कार्यवाही प्रार्थी द्वारा की जावें।
5. टाउनशिप पॉलीसी–2010 के प्रावधानों को समावेश करते हुए समिति द्वारा ले–आउट प्लान जारी किये जाने का निर्णय लिया गया।
6. टॉउनशिप पॉलिसी 2010 के समस्त प्रावधानो की पालना योजना के क्रियान्वयन के समय आवेदक द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।
7. आवेदित योजना मानचित्र में सृजित भूखण्डों पर सैटबैक, आच्छादित क्षेत्र, ऊंचाई आदि तकनीकी मापदण्ड भवन विनियम–2020 के अनुसार रखे जाने होंगे तथा निर्माण प्रारम्भ किये जाने से पूर्व अविप्रा से निर्माण स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य होगी।
8. नगरीय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प.3(77)नविवि/3/2010 पार्ट iv दिनांक 12.01.2018 के बिन्दु संख्या (I) अनुसार 5000 से 02 हैक्टेयर तक क्षेत्रफल के एकल पट्टा प्रकरण में (फार्महाउस एवं संस्थानिक प्रयोजन के अतिरिक्त) 5 प्रतिशत सुविधा भूमि निःशुल्क समर्पित कराई जाने अथवा 5 प्रतिशत भूमि के स्थान पर आवासीय आरक्षित दर पर राशि जमा करवाये जाने का प्रावधान हैं। जहाँ आरक्षित दर निर्धारित ना हो वहां आवासीय डी.एल.सी. दर अथवा कृषि भूमि की डी.एल.सी. दर, जो भी अधिक हो, से शुल्क लिया जावें।
9. भवन विनियम–2020 अजमेर रीजन के अनुसार मोटल के भूखण्ड में भूखण्ड क्षेत्रफल का न्यूनतम 10 प्रतिशत क्षेत्रफल मोटर रिपेयरिंग वर्क शॉप इत्यादि हेतु आरक्षित करते हुए ले–आउट प्लान पारित करने का निर्णय लिया गया।

प्रतिलिपी प्रमाणित

